प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा के गोवर्धन में दानघाटी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की : पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश।
2. अतंर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में राजकीय वानिकी संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– वन संरक्षण के लिये सभी को करना होगा प्रयास।
3. प्रदेश में कई स्थानों पर आज भी हुई तेज हवा के साथ बारिश : मुख्यमंत्री ने बेमौसम वर्षा से फसलों को हुये नुकसान का आकलन कर किसानों को राहत पहुंचाने के दिये निर्देश।

और

4. हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ईद–उल–फित्र का त्योहार : देश मं अमन शांति और खुशहाली के लिये मांगी गई दुआ।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन आज मथुरा के गोवर्धन मं दानघाटो मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने पारंपरिक गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। राष्ट्रपति ने गोवर्धन पर्वत

की तलहटी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के साथ–साथ उनका पर्यावरण संतुलन भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और प्रकृति की रक्षा करने की अपील की।

प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने अयोध्या में चैत्र नवरात्र के पहले दिन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन किये, इसके बाद उन्होंने वृंदावन के इस्कॉन मंदिर और प्रेम मंदिर में पूजा अर्चना की।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वन संरक्षण केवल मानव सभ्यता के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जीव सृष्टि के लिए महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में राष्ट्रीय वानिकी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण के लिए सभी लोगो को अपने स्तर पर सतत प्रयास करना चाहिए। बाइट.....

*वन संरक्षण यह केवल मानव सभ्यता के लिए नहीं जीव सृष्टि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसलिए जीव सृष्टि में सर्वश्रेष्ठ कृति ईश्वर की मनुष्य है तो मनुष्य की सबसे बड़ी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इस ownership को अपने ऊपर लें और वन के संरक्षण के लिए हम अपने स्तर पर प्रयास करें।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई अभियान जन–आंदोलन बनता है तो सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश ने वनाच्छादन बढ़ाने में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर हरित विकास की नई दिशा स्थापित की ह। बाइट.....

*पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हम लोगों ने अपने वन आच्छादन को बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। यह एक प्रयास है और मेरा मानना है कि इस प्रयास में हमें सफलता प्राप्त तब हुई जब हम लोगों ने इसे जन आंदोलन बनाने का कार्य किया। यह केवल वन विभाग का कार्यक्रम नहीं बन पाया। जब भी कोई अभियान जन आंदोलन बनता है तो उसमें सफलता प्राप्त होती है क्योंकि उसमें समाज उसको लीड करता है।*

————————————

मथुरा जिले के कोसीकलां थाना क्षेत्र में फरसा वाले बाबा नाम से मशहूर गौसेवक चंद्र शेखर की आज एक सड़क हादसे में मौत हो गई। क्षेत्र मे तनावपूर्ण माहौल को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसूगैस और लाठीचार्ज करना पडा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है। बाइट.....

*थाना कोसी में कल रात्रि लगभग तीन से चार के बीच में चन्द्र शेखर उर्फ फरसा बाबा उनके द्वारा एक वाहन को संदिग्ध मानकर रोका गया था। जिसमें कि कल घना कोहरा होने के कारण पीछे से एक ट्रक जो कि राजस्थान नंबर का था उसके द्वारा आकर उनको हिट किया गया। जिसमें इनकी मृत्यु हो गई। जो कंटेनर इनके द्वारा रोका गया था उसमें किराने का सामान पाया गया, इसमें गौ तस्करी की किसी प्रकार की कोई बात नहीं आई है।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना का संज्ञान लेते हुए दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

————————————

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपी टीईटी–दो हजार छब्बीस का विज्ञापन जारी कर दिया है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा के लिये आयोग की वेबसाइट–यूपीईएसएससी डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर विज्ञापन देखा जा सकता है। आयोग ने ऑनलाइन आवेदन के लिये वन टाइम रजिस्ट्रेशन–ओटीआर अनिवार्य किया है। सत्ताइस मार्च से ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे। जिसकी अन्तिम तिथि छब्बीस अप्रैल निर्धारित है। परीक्षा दो, तीन एवं चार जुलाई को होगी।

————————————

पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कल से शुरू हुयी बारिश और तेज हवा का सिलसिला आज भी जारी है। प्रदेश में बेमौसम हुई वर्षा को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वयं फील्ड में निकलकर स्थिति का जायजा लें और प्रभावित

क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का तत्काल आकलन कर राहत पहुंचाये।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश भर में आज ईद–उल–फित्र का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रमज़ान के पवित्र महीने के बाद आने वाला यह त्योहार भाईचारे और सौहार्द का संदेश देता है। मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ो संख्या में मुस्लिम भाइयों ने एकत्र होकर नमाज अदा की और देश में अमन शांति और खुशहाली के लिए दुआ की। नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। लखनऊ प्रतिनिधि की एक रिपोट.....

*लखनऊ में ईद की मुख्य नमाज़ दारुल उलूम नदवतुल उलेमा, ऐशबाग ईदगाह, बड़ा इमामबाड़ा स्थित आसिफी मस्जिद और टीले वाली मस्जिद में अदा की गई। ऐशबाग स्थित ईदगाह में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष*

*अखिलेश यादव और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने नमाजियों से मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। प्रदेश में कई स्थानों पर ईद पर लगने वाले मेलों का आयोजन भी किया जा रहा है। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

उधर, हमीरपुर, चित्रकूट, कानपुर, महोबा, रायबरेली, अमरोहा, शामली, हापुड़ इटावा और गोरखपुर सहित विभिन्न जनपदों में ईद–उल–फित्र की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज के दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये थे।

वहीं, मथुरा में शाही  जामा मस्जिद सहित सदर बाजार की मस्जिदों मे नमाजियो ने नमाज अदा की एक रिपोर्ट.....

*ईद को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समाज के बच्चे बुजुर्ग और युवाओं में काफी उत्साह उमंग खुसी देखते ही बन रही रही थी। नवीन पारंपरिक लिबास में नमाजी शहर की शाही ईदगाह मस्जिदएशाही जमा मस्जिदएसदर बाजार की मस्जिदों सहित वृंदावन के मथुरा दरवाजा क्षेत्र स्थित शाही जामा मस्जिद एवं गौरानगर कॉलोनी स्थित मदीना मस्जिद में मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा कर नमाजियों ने अल्लाह से देश मे अमन चौनए व खुशहाली की दुआ मांगी और एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों पर राजनीतिज्ञ और प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों ने भी मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद के साथ मिलजुलकर रहने का संदेश दिया। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद–उल–फ़ित्र के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व अमन–चन और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर

सभी को सद्‌भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।

—————————

चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन आज श्रद्धालु माता के तीसरे स्वरूप मां चंदघंटा की पूजा अर्चना कर रहे हैं। सहारनपुर के सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन—पूजन के लिये पहुंच रहे है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*सहारनपुर के सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में चैत्र शुक्ल पक्ष के प्रथम नवरात्र से भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने मां चन्द्र घँटा के स्वरूप की पूजा अर्चना कर परिवार की कुशलता की कामना की। यहां का प्रमुख प्रसाद सराल माना जाता है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालु परंपरा के अनुसार पहले बाबा भूरा देव के दर्शन करते हैं, उसके बाद मां शाकंभरी देवी के दर्शन कर प्रसाद अर्पित करते हैं। समूचे मंदिर परिसर में आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। विजयंत सैनी, आकाशवाणी समाचार सिद्धपीठ शाकंभरी देवी सहारनपुर।*

—————————

श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आज अयोध्या में ट्रस्ट की बैठक के बाद बताया कि आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जंयती के अवसर पर राम मंदिर परिसर में बने हनुमान जी के मंदिर पर ध्वजाराहण किया जायेगा।

(समाप्त)